Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **नगर निगम जयपुर ग्रेटर से अनुबंधित स्पैरो कम्पनी का यू.डी. टैक्स कलेक्टर 9 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *09 फरवरी* बुधवार / ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जयपुर देहात इकाई द्वारा आज जयपुर में कार्यवाही करते हुये नगर निगम जयपुर ग्रेटर से अनुबंधित स्पैरो कम्पनी के यू.डी. टैक्स कलेक्टर श्री पंकज चौधरी को परिवादी से 9 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की जयपुर देहात इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई '' मेरी प्रोपर्टी को यू.डी. टैक्स की सूची से बाहर रखने तथा मांगी गई राशि न देने पर तीन चार लाख रूपये का यू.डी. टैक्स नोटिस जारी करने का भय दिखाकर नगर निगम जयपुर ग्रेटर से अनुबंधित स्पैरो कम्पनी के यू.डी. टैक्स कलेक्टर श्री पंकज चौधरी द्वारा 10 हजार रूपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर इकाई **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नरोत्तमलाल वर्मा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर मय **नीरज भारद्वाज पुलिस निरीक्षक, मानवेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक** व टीम के जयपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये पंकज चौधरी पुत्र श्री जयनारायण निवासी लदाना खुर्द तहसील चाकसू जिला जयपुर, हाल यू.डी. टैक्स कलेक्टर अनुबंधित स्पैरो कम्पनी नगर निगम जयपुर ग्रेटर को परिवादी से 9 हजार रूपये की **रिश्वत** राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।